NcertHelp
© www.ncerthelp.com


# केन्द्रीय विद्यालय संगठन,हैदराबाद संभाग-15
## सत्र 2013-14
## संकलित परीक्षा-2

**कक्षा - छठी** **पूर्णांक - 60**

**विषय - हिन्दी** **समय-2½ घंटे**

**सामान्य निर्देश :-**

1.इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं- क, ख, ग और घ |

2.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

3.प्रश्न-पत्र के उत्तर क्रमानुसार लिखने का प्रयत्न करे |

---

## खण्ड - क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के लिये सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए -** 1x5=5

(अ)सी.वी रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे| वे बचपन से ही शरीर से दुबले-पतले थे, किंतु बुद्धि के धनी थे| अस्वस्थता के कारण वे विदेश न जा सके| पर इन्होने अपनी प्रतिभा से साबित कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो विदेश जाकर पढ़ने की आवश्यकता नहीं है | इन्होंने कोलकाता के साईंस कालेज में प्रिंसिपल के पद पर कार्य किया| यद्यपि इस पद के लिए विदेशी प्रमाण-पत्र आवश्यक था पर इनकी योग्यता पर मुग्ध होकर उपकुलपति ने इन्हें छूट दे दी| इन्होंने नए-नए प्रयोग किए| प्रकाश किरणों पर इनका शोध कार्य रमन-प्रभाव के नाम से विख्यात हुआ जिस पर इनको नोबेल पुरस्कार मिला|

(क) सी.वी रमन बचपन में कैसे थे ?

(i) मोटे-तगड़े (ii) दुबले-पतले

(iii) छोटे-मोटे (iv) साँवले-सलोने

(ख) किस कारण वे विदेश न जा सके?

(i)निर्धनता (ii) निरक्षरता

(iii)अस्वस्थता (iv) अयोग्यता

Visit www.ncerthelp.com for Ncert Solutions in Text and Video , CBSE Sample papers, Exam tips, NCERT BOOKS, Motivational Videos, Notes for All Classes and Many More...

(ग) सी.वी. रमन ने कोलकाता के साईस कालेज में कौन-सा पद ग्रहण किया ?

(i)अध्यापक (ii) प्रोफ़ेसर

(iii)प्रिंसिपल (iv) क्लर्क

(घ) रमन ने किस पर शोध किया ?

(i)फल (ii) सब्जियाँ

(iii)वाद्ययंत्र (iv) प्रकाश किरण

(ड) रमन का शोध-कार्य किस नाम से प्रसिद्ध हुआ?

(i) रमन-प्रभाव (ii) प्रकाश-प्रभाव

(iii) वैज्ञानिक-प्रभाव (iv) कमल-प्रभाव

**2. निम्निलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए-** 1x5=5

(आ) रिमझिम-रिमझिम सी बूंदे,
जग के आंगन में आई|
अपने लघु उज्ज्वल तन में,
कितनी सुंदरता लाई|
मेघों ने गरज-गरजकर,
मादक संगीत सुनाया|
इस हरी भरी संध्या ने,
हमको उन्मत्त बनाया|
सूखी सरिताओं ने फिर,
सुंदर नवजीवन पाया |

(क) कविता में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?

(i)शरद ऋतु (ii)ग्रीष्म ऋतु

(iii)वर्षा ऋतु (iv)शिशिर ऋतु

(ख) मेघों ने क्या सुनाया ?

(i) कविता (ii) चुटकुले

(iii)कहानी (iv) संगीत

Visit www.ncerthelp.com for Ncert Solutions in Text and Video , CBSE Sample papers, Exam tips, NCERT BOOKS, Motivational Videos, Notes for All Classes and Many More...

NcertHelp
© www.ncerthelp.com


(ग) इस कविता में 'संध्या' शब्द के साथ कौन सा विशेषण है?

(i) हरी-भरी (ii) लाल-काली

(iii) पीली-पीली (iv) नीली-पीली

(घ) सूखी सरिताओं ने क्या पाया ?

(i)मृत्यु (ii) हरियाली

(iii) नवजीवन (iv) उन्माद

(ङ) काव्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक –

(i)सुख का संसार (ii) वर्षा ऋतु

(iii)वन-गमन (iv) वसंत ऋतु

**खण्ड -ख**

**3. निर्देशनुसार उत्तर दीजिए-** 1x10=10

[क] दिए गए अव्यय से रिक्त स्थान की पूर्ति करे-

इसलिए , कि

[1] मुनिया ने सपना देखा________ वह चन्द्रमा पर बैठी है |

[2] इस वर्ष फसल अच्छी नहीं हुई है___________अनाज महंगा है |

[ख] "ईला" प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए-

[1] पत्थर-_____________

[2] रस-__________

[ग उचित कारक चिन्हों ( की , में) द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करे-

[1] तुरही दिखनें_______ अंग्रेजी एस या सी अक्षर_______ तरह होती है |

[घ] निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-

[1] सुर्य [2] कवी

Visit www.ncerthelp.com for Ncert Solutions in Text and Video , CBSE Sample papers, Exam tips, NCERT BOOKS, Motivational Videos, Notes for All Classes and Many More...

NcertHelp
© www.ncerthelp.com


[ड] वाक्य बनाकर उनका अर्थ स्पष्ट कीजिए-

[1] अवधि-अवधी

[च] लिंग बताइए-

[1] सेवा [2] पतीला

[छ] निम्लिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा लिखिए-

[1] मीठा______

[2] भूखा ______

[ज] उपयुक्त शब्द ( में , मैं )से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

[1] मेरा घर बिहार_______है |

[2] _______हैदराबाद का निवासी हूँ |

[झ] निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

[1] दिन_____

[2] मित्र_____

[ञ ] निम्नलिखित शब्द किन क्रियाओं से बनी है ?

[1] रंगाई_____

[2] सिंचाई____

## खण्ड - ग

**4. निम्निलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए -**1x5=5

कभी-कभी मैं अपने मित्रों की परीक्षा लेती हूँ, यह परखने के लिए कि वह क्या देखते हैं | हाल ही में मेरी एक प्रिय मित्र जंगल की सैर करने के बाद वापस लौटीं | मैंने उनसे पूछा, “आपने क्या-क्या देखा?” “कुछ खास तो नहीं,” उनका जवाब था | मुझे बहुत अचरच नहीं हुआ क्योंकि मैं अब इस तरह के उत्तरों की आदी हो चुकी हूँ | मेरा विश्वास है कि जिन लोगों की ऑखें होती हैं, वे बहुत कम देखते हैं |

[क] गद्यांश में “मैं” कौन है ?

[1] महादेवी वर्मा | [2] हेलेन केलर | [3] सुभद्राकुमारी चौहान | [4] कृष्णा सोबती |

[ख] लेखिका की मित्र कहाँ की सैर करने गई थी ?

[1] पहाड़ों की | [2] नदी की | [3] जंगल की | [4] गॉवों की |

Visit www.ncerthelp.com for Ncert Solutions in Text and Video , CBSE Sample papers, Exam tips, NCERT BOOKS, Motivational Videos, Notes for All Classes and Many More...

NcertHelp
www.ncerthelp.com
© www.ncerthelp.com

[ग] मित्र ने जब कहा "कुछ खास तो नहीं" यह सुनकर लेखिका को क्यों अचरच नहीं हुआ ?

[1] उत्तर पसन्द नहीं आया | [2] वह दुखी थी | [3] उत्तर नहीं सुनी थी | [4] उत्तर की आदी हो गई |

[घ] जिन लोगों की आँखें होतीं है वे क्या देखते हैं ?

[1] कम देखते हैं | [2] कुछ भी नहीं देखते | [3] ज्यादा देखते हैं | [4] आँखें बंद कर लेते हैं |

[ड] कभी-कभी लेखिका अपने मित्रों की क्या लेती है ?

[1] पुस्तकें | [2] परीक्षा | [3] मिठाई | [4] इनमें से कोई नहीं |

**5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 2x5=10

[क] माँ मोहन के "ऐसे-ऐसे" कहने पर क्यों घबरा रही थी ?

[ख] नागराजन के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई ?

[ग] दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है ?

[घ] "लोकगीत" पाठ के आधार पर हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं ?

[ड] लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गाँधी जी ने क्या किया ?

[च] बाँस को बुड्ढा कब कहा जा सकता है ? बूढ़े बाँस में कौन सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती ?

**6. निम्नलिखित काव्यांश के पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 1x5=5

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरु सदा माँ ! तेरे साथ,
कभी न छोडूं तेरा हाथ !
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती हो मात !
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात !

[1] कवि और कविता का नाम लिखिए |

[2] बच्ची छोटी क्यों बनी रहना चाहती है ?

Visit www.ncerthelp.com for Ncert Solutions in Text and Video , CBSE Sample papers, Exam tips, NCERT BOOKS, Motivational Videos, Notes for All Classes and Many More...

NcertHelp
© www.ncerthelp.com


[3] माँ किसे और कैसे छलती है ?

[4] बड़े हो जाने पर माँ क्या नहीं करती है ?

[5] बच्ची की क्या इच्छा है ?

**7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

[1] रानी लक्ष्मीबाई किसकी मुँहबोली बहन थी ? 1

[2] नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ? 2

[३] "मैं सबसे छोटी होऊँ," कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ? 2

**8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 1x5=5

[1] जटायु का भाई कौन था ?

[2] राम लक्ष्मण को देख सुग्रीव को क्या भय हुआ ?

[3] हनुमान कौन थे ?

[4] हनुमान को सीता कहाँ मिली ?

[5] हनुमान ने सीता को क्या दिया ?

[6] मेघनाद को इंद्रजीत क्यों कहा जाता था ?

[7] राम ने पुष्पक विमान कहाँ भेजा ?

**खण्ड - घ**

9. भाई के विवाह में उपस्थित होने के लिए प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु पत्र लिखें | 5

[अथवा]

मित्र को जन्मदिवस की बधाई देते हुए पत्र लिखिए |

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 5

[1] मेरा विद्यालय [2] महात्मा गांधी [3] मेरा प्रिय त्योहार

*******

Visit www.ncerthelp.com for Ncert Solutions in Text and Video , CBSE Sample papers, Exam tips, NCERT BOOKS, Motivational Videos, Notes for All Classes and Many More...